# उदयपुर में "शिल्पग्राम उत्सव-2025" का आगाज़

## राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े व अतिथियों ने नगाड़ा बजाकर शिल्पग्राम उत्सव का आगाज किया



राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़, पंजाब के राज्यपाल कटारिया और अन्य अतिथियों ने नगाड़ा बजाकर शिल्पग्राम उत्सव का आगाज किया।



दस दिवसीय 'शिल्पग्राम उत्सव' में विभिन्न राज्यों से आये लोक कलाकारों ने नृत्य की प्रस्तुति से दर्शकों को मन मोह लिया।

**उदयपुर, (निसं)।** राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े व अतिथियों ने रविवार को केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय के तहत पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, उदयपुर की ओर से हवाला स्थित शिल्पग्राम में आयोजित हो रहे दस दिवसीय 'शिल्पग्राम उत्सव' का उद्घाटन किया। राज्यपाल ने समारोह में अन्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलित कर समारोह का तथा नगाड़ा बजाकर शिल्पग्राम उत्सव का आगाज किया।

राज्यपाल बागड़े ने कहा कि लोक है तो आलोक है और लोक कला जीवन का असली आलोक है, क्योंकि इसमें कोई बनावट नहीं, नैसर्गिकता है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों सहित सभी का आव्हान किया कि बच्चों को कला एवं संस्कृति की शिक्षा दें, उन्हें मंच पर मौका दें, ताकि वे लोक संस्कृति को आगे बढ़ा सकें और इसे संरक्षित कर सकें। उन्होंने बचपन में मिले प्रोत्साहन से महान शिल्पकार बनने के संबंध में सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति स्टैच्यू ऑफ यूनिटी बनाने वाले राम वी. सुतार का उदाहरण भी दिया। समारोह के अतिविशिष्ट आमंत्रित अतिथि पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने कहा कि यह सांस्कृतिक महोत्सव "एक भारत-श्रेष्ठ भारत" का जीवंत प्रतीक है। ऐसे मेले देश की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा को आगे ले जाने में महती भूमिका निभाते हैं। मेले के इस स्वरूप में सभी आयु वर्ग वालों को कुछ न कुछ अवश्य मिलता है।

- **समारोह में डॉ. कोमल कोठारी स्मृति लाइफटाइम अचीवमेंट लोक कला पुरस्कार गुजरात के डॉ. निरंजन वल्लभभाई राज्यगुरु और जयपुर के रामनाथ चौधरी को प्रदान किया**

उन्होंने लोक कलाकारों का अपने शहर में स्वागत करते हुए कहा कि इनकी लोक कला को देख संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन दायित्व बोध होता है। उन्होंने पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के निदेशक फुरकान खान और उनकी टीम की उत्सव के निरंतर सफल आयोजन की तारीफ की। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने अतिथियों का स्वागत करते हुए उत्सव के संबंध में जानकारी दी। साथ ही, अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट किए।

समारोह में उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत, उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन तथा उदयपुर ग्राामीण विधायक फूल सिंह मीणा भी समारोह में मौजूद रहे। समारोह में डॉ. कोमल कोठारी स्मृति लाइफटाइम अचीवमेंट लोक कला पुरस्कार राजकोट (गुजरात) के डॉ. निरंजन वल्लभभाई राज्यगुरु और जयपुर (राजस्थान) के रामनाथ चौधरी को प्रदान किया। पुरस्कृत जयपुर के रामनाथ चौधरी अल्गोजा नाक से बजाने वाले दुनिया के अकेले कलाकार हैं। वहीं, राजकोट (गुजरात) के डॉ. निरंजन वल्लभभाई राज्यगुरु ने लोक एवं भक्ति संगीत पर फिल्ड वर्क कर 700 घंटे का ध्वनि मुद्रांकन किया है।

समारोह में कोरियोग्राफिक प्रस्तुति में गोवा के देखनी व घोड़े मोदनी, मणिपुर के लैहारोबा, कश्मीर के रौफ, राजस्थान के लाल आंगी व चरी, कर्नाटक के पूजा कुनिता व ढालू कुनिता, महाराष्ट्र के सोंगी मुखौटा, पंजाब के लुड्डी, तथा गुजरात के तलवार रास व राठवा नृत्यों का महासंगम दर्शकों के दिलों को झंकृत किया। दिल्ली के प्रसिद्ध कोरियोग्राफर सुशील शर्मा के निर्देशन में तैयार इस विशेष प्रस्तुती में मंच पर देशभर की संस्कृतियों का अनूठा संगम देख दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।

समारोह में श्रद्धा सतवीडकर के मराठी लावणी लोक नृत्य के साथ नितिन कुमार के भारतीय शास्त्रीय नृत्य कथक की खूबसूरत सिंफनी में क्लासिकल और फोक का अनूठा संगम देख दर्शकों ने तालियों से शिल्पग्राम गूंजा दिया। समारोह में डॉ. प्रेम भंडारी के निर्देशन में राजस्थानी लोक गीतों पर आधारित कर्णप्रिय मेडले की प्रस्तुती ने श्रोताओं के दिल के तारों तक सुरों की झंकार पहुंचाने में सफलता पाई।

# 9वीं और 11वीं की वार्षिक परीक्षाएं सात मार्च से

**बीकानेर, (निसं)।** शिक्षा विभाग ने राज्य स्तरीय समान परीक्षा योजना के तहत 9वीं और 11वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा का टाइम टेबल घोषित कर दिया है। इस बार प्रदेश के सरकारी और प्राइवेट स्कूल में एक अप्रैल से सेशन शुरू होने जा रहा है। ऐसे में शिक्षा विभाग समय से पहले एग्जाम करवा रहा है। आमतौर पर ये एग्जाम अप्रैल महीने में होते हैं।

शिक्षा विभाग की ओर से जारी टाइम टेबल के मुताबिक 9वीं और 11वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाएं 7 मार्च से 19 मार्च तक आयोजित की जाएगी। दरअसल, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से 10वीं- 12वीं बोर्ड परीक्षा का टाइम टेबल घोषित करने के बाद माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने 9वीं और 11वीं कक्षा का टाइम टेबल भी घोषित कर दिया है। परीक्षा दो पारियों में आयोजित की जाएगी। पहली पारी में सुबह 8.30 से 11.45 बजे और सेकंड पारी में दोपहर 1 बजे से 4.15 बजे तक परीक्षा होगी। 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं

- **सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में 19 मार्च तक खत्म होंगे एग्जाम, 1 अप्रैल से सेशन शुरू करने की तैयारी**

12 फरवरी से 11 मार्च तक आयोजित की जाएगी। 9वीं कक्षा के सभी पेपर सेकंड पारी में होंगे, जबकि 11वीं कक्षा की परीक्षा दोनों पारियों में आयोजित की जाएगी। हालांकि 11वीं कक्षा के प्रथम पारी में आयोजित किए जाने वाले पेपर की तिथियां 14 मार्च से 19 मार्च तक निर्धारित की गई है। प्रश्न पत्र वितरण के संबंध में दिशा निर्देश पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षाएं राजस्थान बीकानेर की ओर से अलग से जारी किए जाएंगे। प्रश्न पत्र समय सारणी और सुरक्षा को लेकर माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने समस्त संयुक्त निदेशक को निर्देश जारी किए हैं।

# श्मशान भूमि से अवैध बजरी दोहन से आक्रोश

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के आसींद थाना क्षेत्र के पुरानी पड़ासोली गांव के पास खारी नदी में स्थित शमशान भूमि से अवैध बजरी दोहन का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने विरोध किया तो डंपर चालक ने उन्हें कुचलने की कोशिश की, जिससे इलाके में आक्रोश फैल गया। जानकारी के अनुसार सुबह करीब पांच बजे शमशान भूमि पर डंपर में बजरी लोड की जा रही थी। ग्रामीण अंबालाल गुर्जर, चुन्नीलाल कुमावत समेत कई लोग पहुंचे और चालक को समझाया कि यह पवित्र स्थान है, यहां दोहन न करें। बावजूद इसके चालक ने डंपर चलाकर अंबालाल और चुन्नीलाल को कुचलने का प्रयास किया। दोनों ने भागकर जान बचाई। मौके पर ओमप्रकाश प्रभु कुमावत, हीरालाल कुमावत, लक्ष्मण भील, घिशु भील, प्रकाश गुर्जर, दयाराम कुमावत सहित कई ग्रामीण मौजूद थे। अंबालाल गुर्जर ने बताया कि बजरी के साथ मृतकों की हड्डियां भी उठाई जा रही हैं, जो अत्यंत निंदनीय है।

# जमीन बेचकर 23 लाख की धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर की प्रताप नगर थाना पुलिस ने फर्जी इकरारनामें के जरिए दूसरे की जमीन बेचकर 23 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।

प्रताप नगर थाना अधिकारी राजपाल सिंह ने बताया कि 5 मई 2023 को शहर के सुभाष नगर थाना अंतर्गत आरके कॉलोनी निवासी मनोज कुमार शर्मा ने प्रताप नगर थाने में एक रिपोर्ट दर्ज करवाई, जिसमें उसने बताया कि आगुचा थाना गुलाबपुरा हाल मालोला रोड के पास गायत्री नगर थाना प्रताप नगर निवासी प्रहलाद नांगला पुत्र कृष्ण गोपाल ने एक जमीन में हिस्सा खुद का बात कर 23 लाख रुपए में बेचने का इकरार नामा किया, सौदे के दौरान प्राथी को विश्वास में लेकर पूरी



गिरफ्तार आरोपी।

राशि नगद प्राप्त कर ली गई, बाद में जब जमीन की जांच करवाई गई तो सामने आया कि जिस भूमि का

- **जांच करवाने पर पता चला कि मौके पर भी किसी अन्य का ही कब्जा था**

इकरारनामा किया गया वह आरोपी प्रहलाद के नाम दर्ज ही नहीं थी बल्कि किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर दर्ज थी। मौके पर भी किसी अन्य का ही कब्जा था। ऐसे में आरोपी में कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर फर्जीवाड़ा करते हुए जमीन का सौदा कर पीड़ित मनोज कुमार से 23 लाख रुपए की धोखाधड़ी की और राशि को हड़प गया। मामले में पुलिस ने गहनता से अनुसंधान करने के बाद आरोपी प्रहलाद को गिरफ्तार कर लिया।

# अमृतमयी गौ भारती ग्रंथ का लोकार्पण

**जयपुर।** गौ-संस्कृति, सनातन मूल्यों और भारतीय जीवन-दृष्टि को समर्पित अमृतमयी गौ भारती ग्रंथ का लोकार्पण तथा श्री हस्तीमल परिवार स्मृति ईश्वर सृष्टि सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में जगद्गुरु निम्बार्काचार्य पीठाधीश्वर श्याम शरण देवाचार्य श्रीजी महाराज का आशीर्वचन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय गौ सेवा प्रमुख अजीत महापात्र हुए। मुख्य अतिथि के रुप में गौ पालन, देवस्थान एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत शामिल हुए। अध्यक्षता नंदिनी गौ सेवा संवर्धन एवं अनुसंधान संस्थान के संरक्षक शिव शंकर लातूरे किया। ईश्वर सृष्टि संस्था के अध्यक्ष कमलेश पारीक कमल, आयोजन समिति अध्यक्ष प्रदीप शेखावत, संयोजक पुष्कर उपाध्याय, भगवती प्रसाद चौधरी, गौरव मोदी एवं ओमप्रकाश बोहरा उपस्थित रहे।

# सेवा, समर्पण और मानवता का पर्याय है अभियंता : वासुदेव देवनानी

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि दिल्ली जैसी पर्यावरण की परिस्थितियों अन्य शहरों में न बने इसके लिए इंजीनियर्स को समय रहते प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि अभियंता सेवा, समर्पण और मानवता का पर्याय होते है। श्री देवनानी ने कहा कि इंजीनियर को 50 वर्ष आगे की योजना बनाकर कार्य करना चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी रविवार को जयपुर में टोंक रोड स्थित एक होटल में जैन इंजीनियर समिति के 18वें राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। समारोह में स्पीकर वासुदेव देवनानी ने कारगिल युद्ध में साहसिक भूमिका निभाने वाले ग्रुप कैप्टन अनिमेष पाटनी का शाल ओढ़ाकर अभिनंदन किया। स्पीकर देवनानी ने समिति द्वारा प्रकाशित स्मारिका का विमोचन किया। देवनानी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए



जैन इंजीनियर समिति के राष्ट्रीय सम्मेलन में राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने ग्रुप कैप्टन अनिमेष पाटनी का शाल ओढ़ाकर अभिनंदन किया।

प्रत्येक व्यक्ति को सक्रिय भागीदारी निभानी होगी। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए सभी अभियंताओं को पहल करनी चाहिए ताकि पर्यावरण प्रदूषण की समस्याओं का समाधान निकाला जा सके। देवनानी ने कहा कि पब्लिक ट्रांसपोर्ट बढ़ाना होगा। हमें एक घर में एक ही वहां रखना जैसे प्रावधानों पर विचार करना होगा। पब्लिक ट्रांसपोर्ट और पब्लिक पार्किंग के लिए प्रत्येक व्यक्ति और समाज को पहल करनी होगी। वाहन चालको की नियमावली को भी कठोरता से पालना करानी होगी। देवनानी ने कहा कि नागरिक स्वास्थ्य को बना कर ही हम प्रगति कर सकते हैं। स्वागत भाषण पी.सी.छाबड़ा ने किया। भाजपा नेता एवं जयपुर ग्रेटर नगर निगम के निवर्तमान उपमहापौर पुनीत कर्णावत ने भी समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर देश भर के जैन समाज के अभियंता समारोह में मौजूद थे।

# अरावली पर्वत श्रंखला को बचाने की मांग को लेकर प्रदर्शन

**भीलवाड़ा, (निसं)।** इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज भीलवाड़ा चैप्टर द्वारा हरणी की पहाड़ी पर अरावली पर्वत श्रंखला से जुड़े हालिया सरकारी निर्णय के विरोध में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के माध्यम से अरावली क्षेत्र में हो रहे निरंतर हस्तक्षेप, खनन और संरक्षण से जुड़े निर्णयों पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम एक ज्ञापन भी प्रेषित किया गया। ज्ञापन में राष्ट्रपति से मांग की गई कि अरावली पर्वत श्रंखला को राष्ट्रीय प्राकृतिक विरासत के रूप में मान्यता दी जाए। साथ ही हालिया निर्णयों एवं नीतियों पर पर्यावरणीय, ऐतिहासिक और विरासत संरक्षण के दृष्टिकोण से पुनर्विचार किया जाए। इंटेक ने अरावली क्षेत्र में खनन गतिविधियों पर सख्त नियंत्रण, अवैध खनन पर पूर्ण प्रतिबंध और दीर्घकालीन संरक्षण नीति लागू करने की भी मांग की। जाजू ने कहा कि यदि समय रहते अरावली का संरक्षण नहीं किया गया, तो इसका सीधा असर जल संकट, जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता पर पड़ेगा। इंटेक ने आमजन से भी अरावली संरक्षण के लिए जागरूक होने और इस जनआंदोलन से जुड़ने की अपील की।

इंटेक भीलवाड़ा चैप्टर के कन्वीनर बाबूलाल जाजू ने बताया कि अरावली पर्वत श्रंखला न केवल राजस्थान बल्कि पूरे उत्तर भारत के लिए जीवनरेखा के समान है। यह पर्वत श्रंखला जल संरक्षण, पर्यावरण संतुलन, जैव विविधता एवं सांस्कृतिक विरासत की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। हालिया निर्णयों से अरावली का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है, जिसका दूरगामी दुष्परिणाम आने वाली पीढ़ियों को भुगतना पड़ेगा। प्रदर्शन के दौरान इंटेक सदस्यों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर लालच हटाओ, अरावली बचाओ, अरावली फटी तो जीवन की डोर कटी, अरावली है राजस्थान की ढाल, इसे बचाना है हर हाल तथा अरावली बचेगी तो जीवन बचेगा जैसे नारे लगाकर सरकार और प्रशासन का ध्यान अरावली संरक्षण की ओर आकृष्ट किया। इस अवसर पर सीए दिलीप गोयल, अब्बास अली बोहरा, गुमान सिंह पीपाड़ा, राजकुमार बूलिया, गोपाल नाराणीवाल, विद्यासागर सुराणा, मुकेश अजमेरा, हरकलाल विश्नोई, बीलेश्वर डाड, ओम सोनी, प्रभात जैन, अनुग्रह लोहिया, बनवारी साहू, तेज सिंह पुरावत, शंकर जाट, कुलदीप सिंह, भगवत सिंह, सत्यप्रकाश, सावित्री तेली एवं परमिंदर सिंह सहित कई पर्यावरण प्रेमी और इंटेक सदस्य उपस्थित रहे।

# "मेरी पहल" एन.जी.ओ. में बंधक 18 लोगों का पुनर्वास

**जयपुर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायाधिपति संजीव प्रकाश शर्मा एवं हरिओम शर्मा 'अत्रे', सदस्य सचिव के निर्देशन में 'मेरी पहल' संस्था में 17 दिसंबर 2025 को किए गए रेस्क्यू अभियान में बचाए गए 18 व्यक्तियों के पुनर्वास पर संज्ञान लिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर द्वितीय ने इस प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए रेस्क्यू लोगों को उनके परिजनों से मिलवाया औश्र उनके पुनर्वास के लिए पीड़ित प्रतिकर मीटिंग भी रखी।

पल्लवी शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि रेस्क्यू अभियान में बचाये गए 18 व्यक्तियों में से 5 महिलाओं को उनके परिजनों से संपर्क कर उनके घर भिजवाया गया, जबकि 2 महिलाएं मानसिक विमंदित होने से उनको विमंदित गृह में पुनर्वासित करवाया है। एक अन्य महिला की आयु 65 वर्ष होने से उन्हें वृद्धाश्रम में पुनर्वासित करवाया है तथा 3 महिलाओं को स्वयं सेवी संस्था शक्ति स्तंभ में पुनर्वासित कर उनके परिजनों को ढूंढने के प्रयास जारी है। इसी प्रकार 6 पुरूषों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धौलपुर, करौली, महाराजगंज (उत्तर प्रदेश), इलाहाबाद एवं जलाउं के संबंधित डीएलएसए सचिवो से संपर्क स्थापित कर उनके परिवार से मिलवाया गया है तथा 1 पुरूष को मानसिक विमंदित गृह में भिजवाया गया है। सभी महिला-पुरुष तथा उनके परिजन इस कार्यवाही से अत्यंत खुश है तथा सभी ने रालसा का आभार जताया है।

पुनर्वास कार्यवाही के क्रम में अध्यक्ष जस्टिस रीटा तेजपाल ने पीड़ित प्रतिकर मीटिंग भी रखी। पल्लवी शर्मा ने बताया कि मीटिंग में रेस्क्यू किए गए व्यक्तियों से संबंधित 16 प्रार्थना-पत्रों में 4 लाख रु. प्रतिकर दिए जाने के आदेश पारित किए गए हैं। पीड़ित प्रतिकर मीटिंग में शिव कुमार न्यायाधीश एम.ए.सी.टी प्रथम, नवीन किलानिया मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जयपुर महानगर द्वितीय, जिला कलेक्टर प्रतिनिधि बी.पी.चंदेल (सहायक निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग), राजेश कुमार गुप्ता, एडीसीपी वेस्ट, बजरंग सिंह, एडीसीपी नॉर्थ रमेश चंद जादौरिया तथा लोक अभियोजक उपस्थित रहे।

# फाईनेंस कम्पनी की लोन राशि गबन करने का आरोपी ब्रांच मैनेजर गिरफ्तार

## प्रकरण में एक आरोपी को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है

**बूंदी, (निसं)।** पुलिस थाना कोतवाली द्वारा फाईनेन्स कम्पनी की लोन राशि गबन करने वाला आरोपी ब्रांच मैनेजर को गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण में एक आरोपी को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है।

जिला पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा ने बताया कि वांछित व फरार अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाधिकारी कोतवाली बूंदी रमेशचन्द आर्य के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुये फाईनेन्स कम्पनी में उपभोक्ताओं की लोन राशि को धोखाधड़ी कर गबन के मामले में फरार आरोपी आर्यन राठी निवासी साल्हापुर थाना कुड जिला सहानपुर उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार 21 जून 2025 को स्मॉल फाइनेंस देवश्री कॉम्पलेक्स आर्य समाज मन्दिर के सामने बूंदी ने जय बिजेन्द्र कुमार यादव हाल ब्रांच मैनेजर द्वारा न्यायालय सीजेएम बूंदी में पैश इस्तगासा में बताया गया कि प्रार्थी की कम्पनी ई एस ए एफ स्वश्रय मल्टी स्टेट एग्रो कॉपरेटीव सोसायटी लि. एक सहकारी संस्था है। ई एस ए एफ स्वश्रय मल्टी स्टेट एग्रो कॉपरेटीव सोसायटी लि. सदस्यों/ग्राहकों को असुरक्षित ऋण और अन्य वित्तिय सेवाएं प्रदान करने के लिये कार्य करती है। आमतौर पर सोसायटी ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रहने वाले आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों से सदस्यता प्रस्ताव स्वीकार करती है और 10 से 50 सदस्यों वाली छोटी इकाईयां बनाती है, जिन्हें केन्द्र या संगम कहा जाता है। कम्पनी की बूंदी शाखा में मुलजिम आर्यन रीठी शाखा प्रबंधक व मुलजिम सावन मेघवाल सी.एस.ओ. के पद पर कार्यरत थे। मुलजिम आर्यन रिठी द्वारा जून से सितम्बर 2024 के मध्य ई-साईन प्रकिया के माध्यमों से 3,50,000 रूपये का लोन वितरित किया, जिसमें 10 ग्राहकों के नाम पर अनाधिकृत वितरण किया। मुलजिम आर्यन रिठी द्वारा उक्त ग्राहकों से कहा गया कि उनके ऋण आवेदन अस्वीकार हो गये हैं और ग्राहकों को जारी किये गये ए.टी.एम. कार्ड उन्हें गुमराह कर प्राप्त कर लिये ओर उक्त ए.टी.एम. कार्डो से पैसा निकाल लिया। जिससे सोसाइटी की ऑडिट रिपोर्ट 14.11.2024 में 3,18,743 रूपये बकाया हो गये। इसके अलावा जून से सितम्बर 2024 तक मुलजिम आर्यन रिठी ने 10 मामलों में ग्राहकों से ऋण पूर्व समापन राशि के रूप में 91,099 रूपये एकत्रित किये परन्तु इस धन राशि को शाखा में जमा नहीं करवाया और 6 मई 2024 को भी मुलजिम आर्यन रिठी ने ग्राहकों को रसीद जारी किये बिना ही 8 मामलों में ऋण किस्त के रूप में 11,850 रूपये एकत्रित किये और धन राशि भी शाखा में जमा नहीं करवाई। इस प्रकार मुलजिम आर्यन रिठी द्वारा अनुचित लाभ प्राप्त करने हेतु छल करके बेईमानी पूर्वक ग्राहकों से प्राप्त की गई राशि व सोसायटी से ऋण स्वीकृत करवाकर एटीएम से निकाली गई राशि कुल 4,21,692 रूपये का गबन कर लिया है। इस पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया।

प्रकरण में आरोपी आर्यन राठी पुत्र ओमबीर निवासी साल्हापुर थाना कुड जिला सहानपुर उत्तरप्रदेश व सावन पुत्र राजेन्द्र कुमार (23) निवासी तालाब मोहल्ला सरोला कला थाना खानपुर झालावाड दोनों ही घटना के बाद से फरार थे। प्रकरण में आरोपी सावन को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है तथा प्रकरण मे शेष आरोपी आर्यन राठी पुत्र ओमबीर सिंह को तलाश कर गिरफ्तार किया गया। मुलजिम से अनुसंधान जारी है।

# केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री ने विपक्षी दलों पर निशाना साधा

**जोधपुर, (कासं)।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने एक बार फिर विपक्ष पर निशाना साधा। शेखावत ने कहा कि दुर्भाग्य से पिछले कुछ वर्षों में विपक्ष संसद को चर्चा के मंच के बजाय राजनीतिक हंगामे का अखाड़ा बनाने का प्रयास करता रहा है। कागज फाड़ना, नारेबाजी करना और सदन की कार्यवाही को बाधित करना किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। रविवार सुबह अपने गृहनगर जोधपुर पहुंचे केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत की।

- **संसद को राजनीतिक हंगामे का अखाड़ा बना रहा विपक्ष : शेखावत**
- **जोधपुर पहुंचे केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने मीडिया से बात की**

उन्होंने कहा कि जहां तक कुछ विषयों पर हो रहे विरोध की बात है तो मुझे लगता है कि आज देश में कहीं न कहीं विरोध को एक आदत बना लिया गया है। कुछ लोग बिना विषय को समझे, बिना उसके पीछे के उद्देश्य को जाने, केवल विरोध करने के लिए विरोध कर रहे हैं। विशेष रूप से उन सुधारात्मक कदमों का विरोध किया जा रहा है, जो लोकतंत्र की रक्षा और चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए किए गए हैं। शेखावत ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा संविधान के तहत जो दायित्व निभाए जा रहे हैं, उनका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि चुनाव निष्पक्ष, पारदर्शी और विश्वसनीय हों। इसके लिए आवश्यक निर्णय लेना चुनाव आयोग का संवैधानिक अधिकार और कर्तव्य है। दुर्भाग्य से कुछ लोग इसका विरोध कर रहे हैं, जबकि उन्हें स्वयं यह स्पष्ट नहीं है कि वे विरोध क्यों कर रहे हैं? कुछ स्थानों पर ऐसे तत्व भी हो सकते हैं, जिन्हें अवैध या अनुचित रूप से मतदाता सूची में शामिल नामों से राजनीतिक लाभ मिलता रहा हो और वही लोग अब इन सुधारों का विरोध कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह भी एक विडंबना है कि जो लोग कुछ समय पहले स्वयं इन सुधारों की मांग कर रहे थे, वही आज भ्रमित मन:स्थिति में उनका विरोध कर रहे हैं। यह एक प्रकार से भ्रमग्रस्त मानसिकता का संकट है। सरकार और संवैधानिक संस्थाएं अपना कार्य पूरी प्रतिबद्धता और जिम्मेदारी के साथ कर रही हैं और आगे भी करती रहेंगी। उन्होंने कहा कि संसद में जनता अपने प्रतिनिधियों को सेवा और विमर्श के लिए भेजती है।

शेखावत ने कहा कि संसद वह स्थान है, जहां चर्चा होनी चाहिए, विचार-विमर्श होना चाहिए, सरकार की नीतियों और निर्णयों की समीक्षा होनी चाहिए। यह देखा जाना चाहिए कि योजनाएं धरातल पर कैसे उतरी हैं और उन्हें और बेहतर कैसे बनाया जा सकता है? हालांकि, यह उनका अधिकार है, लेकिन देश की जनता सब देख रही है। जनता यह भी समझती है कि कौन संवाद और समाधान की राजनीति करना चाहता है और कौन केवल अवरोध और भ्रम की राजनीति? समय आने पर जनता अपने विवेक के अनुसार निर्णय भी करती है।

सेरेंडिपिटी आर्ट्स फाउंडेशन के गोवा में आयोजित सांस्कृतिक उत्सव 'सेरेंडिपिटी' से जुड़े सवाल पर शेखावत ने कहा कि कला और संस्कृति आधारित कार्यक्रम में सम्मिलित होने का अवसर मिला। वहां की कला और सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों ने मुझे भीतर तक प्रभावित किया। यह दस दिनों तक चलने वाला कार्यक्रम वास्तव में एक अद्भुत सांस्कृतिक अनुभव है। शेखावत ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक उत्सव यह सिद्ध करते हैं कि कला और संस्कृति केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि आर्थिक विकास, पर्यटन और वैश्विक संवाद का भी सशक्त माध्यम हैं। भारत जैसे सांस्कृतिक रूप से समृद्ध देश के लिए इस प्रकार के आयोजन हमारी सॉफ्ट पावर को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।